राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में भारत की राष्ट्रपति ने स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक सेवा में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हुए 15**नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 प्रदान किये।**

- **पुरस्कार मान्यता:** राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1973 में **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा** विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित करने के लिये की गई थी।
  - **पंजीकृत सहायक नर्स एवं मिडवाइफ**, पंजीकृत नर्स एवं मिडवाइफ व पंजीकृत महिला आगंतुक की श्रेणियों में कुल 15 पुरस्कार दिये गए।
  - यह पुरस्कार **केंद्र, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश और स्वैच्छिक संगठनों** में कार्यरत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नर्सिंग कर्मियों को दिया जाता है। प्रत्येक पुरस्कार में **मेरिट प्रमाण पत्र, 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार और मेडल** शामिल है।
- **नर्सिंग पहल:** भारत सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिये 157 नर्सिंग कॉलेज स्थापित किये हैं तथा**राष्ट्रीय नर्सिंग एवं मिडवाइफरी आयोग (NNMC) अधिनियम, 2023** के तहत राष्ट्रीय नर्सिंग एवं मिडवाइफरी आयोग का गठन किया है।

और पढ़ें: अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 2024

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-florence-nightingale-awards-2024